**श्रेष्ठ सुप्रभात**

**समझ शक्ति बढ़ गई, और सहनशीलता नहीं बढ़ी तो, मानना चाहिए एक बड़ी कमी रह गई !**

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT™
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्रीडूंगरगढ़ | 17.0 | 6.0 |
| बीकानेर | 19.0 | 7.0 |
| जयपुर | 18.0 | 8.0 |

E- Paper NEXT 0032

newsexcellenttoday.com 12 जनवरी 2025, रविवार पौष, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी - 2081


## राजस्थान सरकार का बड़ा फैसला: पंचायत राज संस्थाओं के पुनर्गठन के लिए मंत्रीमंडलीय उप समिति गठित

# श्रीडूंगरगढ़ में एक ओर पंचायत समिति बनना तय

**NEXT** मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद राजस्थान सरकार ने पंचायत राज संस्थाओं के पुनर्गठन और नवसृजन के लिए एक मंत्रीमंडलीय उप समिति का गठन किया है। समिति में पांच मंत्री शामिल हैं, जो प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा और परीक्षण करेंगे।

**समिति के सदस्य**

मदन दिलावर - संयोजक
गजेंद्र सिंह - सदस्य
अविनाश गहलोत - सदस्य
सुमित गोदारा - सदस्य
जवाहर सिंह बेढम - सदस्य

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों के पुनर्गठन की अधिसूचना के तहत, बीकानेर जिले में नयी ग्राम पंचायतों के गठन के लिए न्यूनतम जनसंख्या 2000 निर्धारित की गई है। इसके अलावा, जिन पंचायत समितियों में 40 से अधिक ग्राम पंचायतें हैं, उनका भी पुनर्गठन किया जाएगा।

**श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में इस अधिसूचना के अनुसार एक नई पंचायत समिति बनने की संभावना पक्की मानी जा रही है, क्योंकि क्षेत्र में 53 ग्राम पंचायतें हैं।**

**समिति की जिम्मेदारियां:**

ज़िला कलेक्टरों और जन-प्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा करना।

पुनर्गठन और नवसृजन के ऐसे प्रस्तावों को स्वीकृति देना, जो प्रशासनिक और जनहित के मानकों पर खरे उतरें।

अप्रासंगिक और असंगत प्रस्तावों को अस्वीकार करना।

समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव मुख्यमंत्री की अंतिम स्वीकृति के लिए भेजे जाएंगे।

इस समिति का प्रशासनिक विभाग पंचायती राज विभाग होगा।

ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन/नवसृजन के लिए समयबद्ध कार्यक्रम नीचे दी गई समय सारिणी के अनुसार निर्धारित किया जाता है:-

| जिला कलेक्टर द्वारा नई ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों के प्रस्ताव तैयार करना | राजस्थान पंचायती राज 1994 अधिनियम, की धारा 101 के तहत तैयार प्रस्तावों को प्रकाशित कर आपत्तियां आमंत्रित करना | ड्राफ्ट प्रस्तावों के संबंध में प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करना | आपत्ति निस्तारण पश्चात प्रस्ताव तैयार कर पंचायती राज विभाग को भिजवाना |
|---|---|---|---|
| **30 दिवस** (20 जनवरी से 18 फरवरी, 2025 तक) | **30 दिवस** (20 फरवरी से 21 मार्च, 2025 तक) | **10 दिवस** (23 मार्च से 01 अप्रैल, 2025 तक) | **12 दिवस** (3 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2025 तक) |

## लापरवाही: करंट लगने से गौवंश की हुई मौत पास में ही खेलते रहते है छोटे बालक

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ के गौरवपथ रोड पर एक पोल में करंट आने से पास खड़े गौवंश (सांड) की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी बाबू भार्गव ने बताया कि शनिवार सुबह बारिश हुई, उसके बाद पोल में करंट दौड़ने लगा और एक सांड जब इसके पास से गुजरा तो करंट आकर वह तड़फने लगा।मौके पर लोग उसे दूर करने पहुंचे तब तक वह मर चुका था। लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि यहां पास में ही



स्ट्रीट लाइट बंद और चालू करने की डीपी लगी हुई है जो खुली पड़ी है। जिसकी चपेट में गौवंश के साथ श्वान भी आ चुके हैं। मोहल्ले वालों ने कहा कि उनके बच्चे भी इधर खेलते रहते हैं। इसलिए मन हमेशा आशंकाओं से भरा रहता है।

## सातलेरा से 45 सदस्यों का तीर्थयात्रा दल रवाना, आध्यात्मिक ऊर्जा से सरोबार यात्रा

**NEXT** क्षेत्र के गांव सातलेरा से शनिवार सुबह 45 सदस्यों का तीर्थयात्रा दल हनुमानजी मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद रवाना हुआ। यह 10 दिवसीय यात्रा विभिन्न पवित्र स्थलों, मंदिरों और प्राकृतिक स्मरणीय स्थानों के दर्शन के लिए आयोजित की गई है। यात्रा का नेतृत्व जगदीश प्रसाद कत्थक कर रहे हैं। दल में पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल हैं, जो 35 से अधिक तीर्थ स्थलों पर पूजा, स्नान और दर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने दल को शुभकामनाएं देते हुए मंगलमयी यात्रा की कामना की। यह यात्रा पवित्र सागरों, पर्वत



श्रृंखलाओं और अन्य धार्मिक स्थलों पर जाकर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने का उद्देश्य रखती है।

## मावठ की बारिश और घने कोहरे ने खिलाए किसानों के चेहरे, कोहरे का अलर्ट जारी

**NEXT** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक शनिवार अलसुबह से ही हल्की बारिश ने बीकानेर सहित कई क्षेत्रों को भिगो दिया। यह मावठ रबी की फसलों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। सुबह चार बजे से लगातार हो रही इस बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी ला दी।

किसान शंकर लाल जाखड़, मामराज और आशाराम ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव और बढ़ती गर्मी के कारण फसलों को नुकसान की आशंका थी।



लेकिन शनिवार हुई इस अमृत बारिश ने चना, मैथी, गेंहू, जौ, सरसों और ईसबगोल की फसलों को नया जीवन दिया है।

मौसम विभाग के अनुसार, बीकानेर सहित कई क्षेत्रों में हल्की बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई थी। इसके साथ ही बारिश ने ठंड को भी बढ़ा दिया है। विभाग ने कल से घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जिससे सर्दी का प्रकोप और बढ़ने की संभावना है।

किसानों का मानना है कि यह बारिश रबी की फसलों के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित होगी। इस समय हुई मावठ ने न केवल फसलों को



संजीवनी दी है, बल्कि किसानों को उनकी मेहनत का फल मिलने की उम्मीद भी बढ़ा दी है।

## प्रयागराज: महाकुंभ में बढ़ी रौनक

**NEXT** पवित्र तीर्थ स्थल प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन ने भव्यता और धार्मिकता का नया आयाम छू लिया है। जगह-जगह बने भव्य शिविरों में साधु-संतों और श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगने लगा है। कथा, भजन और भंडारों के आयोजनों से मेले की रौनक बढ़ गई है।

जयपुर की कला शैली में बने शिविर विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सर्वेश्वर नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में निम्बार्क पीठाधीश्वर राधा मोहन शरण महाराज ने कपिलोपाख्यान के माध्यम से भागवतीय सांख्य शास्त्र का विस्तार से वर्णन किया। इस शिविर में प्रतिदिन हजारों साधु-संतों को भंडारे में भोजन कराया जा रहा है।

**शहीदों की याद में 100 कुंडीय यज्ञ**

बालक योगेश्वरदास के शिविर में 13 जनवरी से शहीद सैनिकों की स्मृति में 100 कुंडीय विशाल यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शहीद परिवारों के लिए विशेष 32 टेंट तैयार किए गए हैं। यह 42वां यज्ञ शहीदों को समर्पित होगा।

## मोमासर की धन्नी को काली बाई भील स्कूटी योजना में मिला सम्मान

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय, मोमासर की मेधावी छात्रा धन्नी पुत्री लालचंद मेघवाल को बीकानेर के महारानी कॉलेज में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में काली बाई भील स्कूटी योजना के तहत स्कूटी प्रदान की गई। इस उपलब्धि से धन्नी का परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।मोमासर सरपंच सरिता संचेती, उपसरपंच



जुगराज संचेती, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज संचेती, श्रवण फुलभाटी, विद्याधर शर्मा, मुकेश नाई और बाबूलाल गर्ग ने धन्नी को बधाई दी।

### तेयुप द्वारा आयोजित सात दिवसीय कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला का दीक्षांत समारोह आज


**NEXT** तेरापंथ युवक परिषद द्वारा आयोजित सीपीएस कार्यशाला के संयोजक प्रदीप पुगलिया ने बताया कि तेरापंथ भवन धोलिया नोहरा में दीक्षांत समारोह होगा और ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

## 6 युवा प्रतिभाओं को मिलेगा युवा रत्न सम्मान

**NEXT** महापुरुष समारोह समिति संस्था द्वारा स्वामी विवेकानंद जयन्ती के अवसर पर युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए युवा रत्न सम्मान की घोषणा की गई है।

पुरस्कार चयन कमेटी के सदस्य निर्मल कुमार पुगलिया ने बताया कि श्रीगोपाल राठी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में न्यायिक क्षेत्र में आरजेएस महिमा दुगड़, समाजसेवा के क्षेत्र में अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी के रोशन अली तेली, कला क्षेत्र में आर्टिस्ट सुमित श्यामसुखा, चिकित्सा क्षेत्र में स्वास्थ्य मार्गदर्शक पवन नाई, योग के क्षेत्र में जयकिशन दतवानी, खेल क्षेत्र में गोल्ड मेडलिस्ट आदित्य तावणिया को देने का निर्णय लिया गया है।

संस्था के मंत्री सुशील सेरडिया ने बताया कि 13 जनवरी को 11 बजे रमन आई टी आई कॉलेज श्रीडूंगरगढ़ में आयोजित होने इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमा मित्तल उपखण्ड अधिकारी, विशिष्ट अतिथि डॉ राजीव सोनी ब्लॉक सीएमएचओ के आतिथ्य में युवा रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा। बैठक में संस्था सदस्य तुलसीराम चौरड़िया, सत्यदीप, विजय महर्षि, कुम्भाराम घिंटाला, ललित बाहेती, सुरेश भादानी, अशोक पारीक उपस्थित रहे।



## जलदाय विभाग: प्रीतम सिंह का JEN से AEN पद पर प्रमोशन

**NEXT** जलदाय विभाग में कार्यरत प्रीतम सिंह को उनकी उत्कृष्ट सेवा और कार्यकुशलता के आधार पर कनिष्ठ अभियंता (JEN) से सहायक अभियंता (AEN) पद पर प्रमोशन दिया गया है। विभागीय अधिकारियों ने उनके इस प्रमोशन को विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। गौरतलब है कि प्रीतम सिंह 2021- 2023 में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

प्रीतम सिंह ने विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान कई अहम परियोजनाओं को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। उनके प्रमोशन से उनके सहयोगियों और परिवारजनों में खुशी की लहर है।

इस अवसर पर सिंह ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों और सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी टीम और मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विभाग की प्रगति के लिए और अधिक मेहनत और समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया।

उनके प्रमोशन पर विभागीय अधिकारियों और सहकर्मियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नेक कार्य: गौसेवकों ने मालिक को लौटाया मोबाइल



**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के एक ग्रामीण का मोबाइल शुक्रवार को श्रीडूंगरगढ़ में कहीं गिर गया। मोबाइल गुम होने से वह काफी परेशान हुआ। घुमक्कर के पास गौसेवकों को यह मोबाइल मिला और उन्होंने मोबाइल के मालिक से संपर्क करके उन्हें यह लौटाया। गौसेवक आनंद जोशी ने कहा कि लिखमादेसर के प्रभुनाथ का कल मोबाइल गिर गया था। गौ सेवकों को मिला तो इनको सूचना देकर लौटाया। प्रभुनाथ ने श्याम गिरी, गौरी शंकर स्वामी और आनंद जोशी को धन्यवाद दिया और कहा कि आज भी नेकी जिंदा है।